# त्योहारों को लेकर डीआईजी ने की तैयारियों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**खंडवा। मोहर्रम एवं गुरुपूर्णिमा त्योहार के अवसर पर पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा त्योहारों की तैयारियों को लेकर जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों की बैठक ली गई।**

उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर जिले मे मनाए जाने वाले मोहर्रम त्योहार के संबंध मे विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही वर्ष 2025 के अन्य त्योहारों जैसे होली, रामनवमी, ईद, बकरीद आदि को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बधाई दी गई। इसी प्रकार आगामी मोहर्रम व गुरुपूर्णिमा त्योहारों को मुस्तैदी पूर्वक ड्यूटी कर शांति पूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए।



## सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से निगरानी

जुलूस मार्गों पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरों से निगरानी निश्चित करने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। रात्रि गश्त एवं प्रभात गश्त को सघन करने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। जुलूस आयोजकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की हिदायत दी गई। ताजिया विसर्जन घाट पर गोता खोरों की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। ताजियों की थीम एवं आपत्तिजनक नारे तथा आपत्तिजनक झंडे लेकर चलने वालों पर निगाह रखी जाए। सौहार्द पूर्ण वातावरण को बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्र वाई किए जाने की बात कही गई।

सोशल मीडिया मे अफवाहों एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु इंटेलिजेंस तंत्र को सक्रिय रखने का निर्देश दिए गए। हाई राइज बिल्डिंग जुलूस मार्ग के कनेक्टिंग रूट पर बेरीकेट लगाने एवं संवेदनशील स्थानों के हाई राइज बिल्डिंग पर बल लगाने के निर्देश दिए गए। बड़े वाहनों को नियंत्रित करने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए शहर के प्रमुख बाहरी स्थानों पर नाका व्यवस्था लगाए जाने के निर्देश दिये गए। जुलूस मार्ग मे बिजली विभाग व नगर निगम के माध्यम से इलेक्ट्रिक वायर, साफ सफाई कार्य तथा प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही गई।

प्रदेश में चल रहे हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा मे डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा पौधारोपण किया गया।

शहर के प्रमुख संवेदनशील स्थानों एवं जुलूस मार्ग से होकर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर बस स्टैन्ड, रेल्वे स्टेशन, तीन पुलिया, बड़ाबम, इमलीपुरा, शिवाजी चौक, आमिर मेडिकल, शेर तिराहा, जलेबी चौक, जय अम्बे चौक, मानसिंग तिराहा, पंधाना रोड होकर आबना नदी के किनारे कर्बला के लिए बने कुंड तक गए एवं पुन: फ्लैग मार्च , कहारवाड़ी चौक, टपाल चाल होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम मे सम्पन्न हुआ।

### बैठक में ये उपस्थित थे

बैठक में पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारणेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, उप पुलिस अधीक्षक अजाक महेश कुमार दुबे, उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय, प्रभारी जिला विशेष शाखा निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता, थाना कोतवाली निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, थाना प्रभारी मोघट रोड निरीक्षक धीरेश धारवाल, थाना पदमनगर निरीक्षक प्रवीण आर्य, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवेन्द्र सिंह परिहार एवं चौकी प्रभारी रामेश्वर, रामनगर एवं बोरगाँव उपस्थित रहे।

# ओबीसी को 27% आरक्षण नहीं

## हाईकोर्ट ने याचिकाओं की सुनवाई पर दिया फैसला

- अंतिम फैसला नहीं आने तक यह आदेश रहेगा लागू
- छग के प्रकरण के साथ सुनवाई के आदेश जारी

**जबलपुर. मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किये से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई की गयी. जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की खंडपीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि ट्रांसफर याचिकाओं पर अंतिम फैसला नहीं आने तक मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू नहीं किया जायेगा.**

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण से संबंधित याचिकाओं को सरकार के आवेदन पर सुनवाई के लिए सर्वोच्च न्यायालय ट्रांसफर किया गया था. सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किये जाने के खिलाफ न्यायालय ने स्टे जारी नहीं किया है. मप्र से स्थानांतरित होकर आई याचिकाओं का निराकरण नहीं हुआ है. इसलिए मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण ट्रांसफर याचिकाओं के निराकरण नहीं होने तक लागू नहीं किया जायेगा. युगलपीठ ने सरकार की तरफ से पेश किये गये जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए इस याचिका की सुनवाई छत्तीसगढ़ के प्रकरण के साथ करने करने के आदेश जारी किये है.

### कृषि विकास अधिकारी के तबादले पर रोक

हाईकोर्ट ने मंडला जिले के बीजाडांडी में पदस्थ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के बिछिया किये गये स्थानांतरण पर रोक लगा दी है. जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है. यह याचिका कृषि विकास अधिकारी प्रकाश मरावी की ओर से दायर की गई थी. जिनकी ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अधिकारी मंडला ने 10 जून 2025 को याचिकाकर्ता का स्थानांतरण बीजाडांडी से बिछिया कर दिया. आवेदक की ओर से दलील दी गई कि नियमानुसार आवेदक व अनावेदक का स्वयं के व्यय पर उनकी सहमति से होना चाहिये. अनावेदक की च्वाईस पर उसका स्थानांतरण तो किया गया, लेकिन याचिकाकर्ता को प्रशासनिक तरीके से स्थानांतरित कर दिया गया, जो कि अनुचित है. सुनवाई पश्चात न्यायालय ने आवेदक के स्थानांतरण पर रोक लगाते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है.

## एक नजर में

### विक्रमोत्सव को एशिया का वाउ गोल्ड अवार्ड

**भोपाल.** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव 2025 को वाउ अवार्ड एशिया 2025 द्वारा एशिया के शासकीय समारोह की विशेष श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. वाउ अवार्ड एशिया की टीम भोपाल आकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यह अवार्ड प्रदान करेंगी. विगत वर्ष विक्रमोत्सव 2024 को एशिया का बिगेस्ट रिलीजियस अवार्ड मिल चुका है. विक्रमोत्सव 2025 को यह सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने कहा कि विक्रमोत्सव 2025 को प्राप्त यह सम्मान न केवल प्रदेश बल्कि समस्त भारतवर्ष के लिए गौरव का विषय है.

### नौवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सतना.** सतना जिले में नौवीं कक्षा के एक छात्र ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. नागौद पुलिस सूत्रों के अनुसार लालपुर गांव में रहने वाले कक्षा नौवीं के छात्र संजय कुशवाहा (15) ने कल देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. शव परिजनों को सौंपने की कार्रवाई के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है. परिजन से भी पुलिस पूछताछ कर रही है.

### तार चोरी के गिरोह का पर्दाफाश

**दमोह.** थाना पथरिया में 26 अक्टूबर 24 को फरियादी सतानंद यादव निवासी वैशाली नगर दमोह ने अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर थाना पथरिया में अप.क्र.544/ 24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, इसी क्रम में अन्य तीन फरियादी सोनेलाल राय जबलपुर नाका दमोह, नवीन चौरसिया निवासी पुराना थाना, प्रमोद पटैल निवासी सागर नाका दमोह की रिपोर्ट पर थाना पथरिया में बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था, नियुक्त टीम में पथरिया टीआई सुधीर कुमार बैगी का विशेष योगदान रहा.

# पुलिस पर पथराव मामले में पूर्व विधायक पर मामला दर्ज

**मुरैना, 05 जुलाई. मध्यप्रदेश के मुरैना में प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकरियों की ओर से पुलिस पर किए गए पथराव और हाइवे पर किए गए चक्काजाम के मामले में पुलिस ने पूर्व विधायक सहित 85 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है.**

बड़ी संख्या में कल एक समाज के लोगों ने शक्ति प्रदर्शन के रूप में अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर मुरैना कलेक्टर को ज्ञापन दिया. कलेक्टर अंकित अस्थाना ने प्रदर्शनकरियों की मांगों को गंभीरता से सुना और कहा कि मांगों पर प्रशासन कार्यवाही कर रहा है. ज्ञापन देने के बाद समाज के लोगों ने हाइवे पर वाहन लगाकर चक्काजाम कर दिया. चक्काजाम खुलवाने के दौरान प्रदर्शनकरियों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया, जिसमें कई पुलिस कर्मियों को चोटें आई. पुलिस ने बाद में भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और हल्का बल प्रयोग किया. समाज की मांग थी कि हाल ही में एक युवक की मारपीट के सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और जौरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय द्वारा समाज के लोगों की जमीन पर किए गए कथित कब्जे को तत्काल हटाया जाए.

### सड़क नहीं बनने से भड़के रहवासियों का चक्काजाम

**रतलाम.** सड़क की परेशान से नाराज रहवासियों का शनिवार को गुस्सा फूंट गया. रहवासियों ने नाराजगी जताते हुए विरोध किया और रोड रोककर चक्काजाम कर दिया. शहर के हाट की चौकी क्षेत्र में रोड नहीं बनने से आक्रोशित रहवासियों ने शनिवार को चक्काजाम कर कर दिया. खस्ताहाल सड़क से आमजन लंबे समय से परेशान हो रहे थे. दरअसल कुछ दिन पहले ही नगर निगम के अधिकारियों बनाने की बात कही थी,लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी रोड जस की तस बनी हुई है. यही वजह है कि क्षेत्र के रहवासी भड़क गए और इन लोगों ने सड़क पर ही जाम लगा दिया.

# ब्यौहारी ब्लॉक के दो स्कूलों का बड़ा कारनामा

## 24 लीटर पेंट पुताई में लगाए 558 मजदूरों पर साढ़े 3 लाख खर्च

**शहडोल, 5 जुलाई. प्रदेश के शहडोल जिले में प्राचार्य द्वारा किए गए घोटाले का खुलासा हुआ है. इसके बिल सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं.**

जिले के ब्यौहारी स्थित दो सरकारी स्कूलों में पेंट खरीदने के नाम पर खर्च ने सबको चौंका दिया है. हाई स्कूल सक्न्दी में 4 लीटर ऑयल पेंट की खरीद की गई थी, जिसकी कीमत 784 रुपये बताई गई है (196 रु. प्रति ली.). पेंट को लगाने के लिए 168 मजदूरों और 65 मिस्त्रियों को काम पर लगाया गया. जिनका भुगतान 1,06,984 रुपये पहुंच गया. आखिर ये मजदूर और मिस्त्री किस काम के लिए लगाये गए थे. दूसरे मामले में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निपानिया में कुल 20 लीटर पेंट खरीदा गया था, लेकिन यहां की स्थिति और भी चौंकाने वाली है. 275 मजदूरों और 150 मिस्त्रियों को लगाया गया, जिनका कुल भुगतान 2,31,650 रुपये तक पहुंच गया. इस खर्च में खिड़कियों और दरवाजों की रंगाई का भी खर्च शामिल है, जो कि 20 लीटर पेंट के मुकाबले कहीं ज्यादा है. इन दोनों मामलों में एक ही ठेकेदार सुधाकर कंस्ट्रक्शन का नाम सामने आया है. खास यह है कि दोनों बिल 5 तारीख पांचवां महीना 2025 में कटे हैं. जिसने इन कार्यों के लिए भुगतान प्राप्त किया है. बिलों पर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य और डीईओ के हस्ताक्षर और सील भी लगी हुई है. इस पूरे मामले में शहडोल जिले के जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची का कहना है कि बिल मामले में हमने जांच शुरू करवा दी है.




### दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : मंत्री

**भोपाल.** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शहडोल जिले के ब्यौहारी के सकंदी सरकारी हाई स्कूल में शाला की मरम्मत के मामले में अनियमितता का प्रकरण सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं. उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और आयुक्त लोक शिक्षण को प्रकरण की तत्काल जाँच करने के निर्देश दिये हैं.

# संतों के आशीर्वाद से प्रदेश समृद्ध और खुशहाल




**भोपाल, 5 जुलाई. धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य हमारे देश के संत कर रहे हैं और ईश्वर की कृपा तथा संतों के आशीर्वाद से देश और प्रदेश समृद्ध एवं खुशहाल बन रहे हैं.**

उक्त विचार उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में आयोजित संत रविशंकर रावतपुरा सरकार के जन्मोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए. इस अवसर पर संत रविशंकर महाराज, संत आनंद ब्रह्मचारी, संत रामलखन महाराज, संत सुदर्शन दास, विधायक प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा, गौरव सिरोठिया सहित बड़ी संख्या में संत समुदाय, जनप्रतिनिधि एवं भक्तगण उपस्थित थे. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि तन, मन और जीवन को समर्पित करने वाला व्यक्ति ही संत बन सकता है.

> उन्होंने यह भी कहा कि रावतपुरा सरकार का संकल्प है कि 11 सदाशिव शंकर जी की मूर्तियाँ स्थापित की जाएंगी, जिनमें से सागर में 75 फीट ऊँची सदाशिव की मूर्ति का लोकार्पण किया जा रहा है. रावतपुरा सरकार द्वारा देशभर में 200 स्थानों पर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की संस्थाएँ संचालित की जा रही हैं. ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल ने कहा कि आध्यात्मिक मार्ग, तपस्या और तप का मार्ग होता है, जिस पर चलना अत्यंत कठिन होता है. जो व्यक्ति इस मार्ग पर चलता है, वही महात्मा बनता है, क्योंकि तपस्या और तप से नई ऊर्जा प्राप्त होती है. इस ऊर्जा के सामने माया भी टिक नहीं पाती. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि श्रद्धा, भक्ति और आस्था का महाकुंभ है. रावतपुरा सरकार का जन्मोत्सव, प्रकटोत्सव.

### खाने में मिली छिपकली कई बच्चे बीमार

**शहडोल.** ब्यौहारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय चरका में एक बड़ी लापरवाही सामने आई. यहां मिड-डे मील खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ गई. सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. परिजनों का कहना है कि उनके बच्ची की थाली में छिपकली मिली थी. ब्यौहारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय चरका में उस समय हड़कंप मच गया, जब मिड-डे मील खा रही एक बच्ची के थाली में मरी हुई छिपकली दिखाई दी. घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. शुरुआत में जिन बच्चों ने मध्यान भोजन को खाया उनकी तबीयत बिगड़ गई. कुछ ने तो वहीं उल्टियां शुरू कर दीं.

# 2 पुलिस ने पेश की मिसाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जुलाई. चितरंगी थाना में पदस्थ दो पुलिस आरक्षको ने देश भक्ति जन सेवा के कर्तव्य को निभाते हुये ईमानदारी का भी परिचय देकर मिसाल पेश किया है. जहां इन दोनों पुलिस कर्मियों के ईमानदारी की कसीदे पड़े जा रहे हैं.**

हुआ यूँ था कि दो युवक झगरौहा-नौगई सड़क मार्ग में हादसे का शिकार होकर अचेत अवस्था में पड़े थे. चितरंगी के दो आरक्षक बैढ़न से शासकीय कार्य संपन्न कराने के बाद वापस जा रहे थे कि घायलों को देख उन्हें अस्पताल लाया और मोटरसाइकि को भी अपने कब्जे में ले लिया. मोटर साइकिल में 2 लाख 40 हजार रूपये कैश थे. झगरौहा-नौगई मार्ग पर वाहन दुर्घटना में दो व्यक्ति खून में लथपथ लहुलुहान एवं पास में मोटर साईकिल वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडए 5650 मेन रोड पर दुर्घटना ग्रस्त पड़ी मिली . बैढ़न से शासकीय कार्य कराकर वापस जा रहे दो आरक्षक सुभाष पाल एवं सुदर्शन चौहान ने तत्काल घायल भैयालाल सिंह गोड़ पिता केत सिंह गोड़ उम्र 27 वर्ष निवासी दरबारी एवं घायल एक अन्य व्यक्ति को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी में उपचार के लिए भर्ती कराया एवं दुर्घटना ग्रस्त वाहन मोटर साइकिल एवं डिग्गी में रखे 2 लाख 40 हजार रूपये को

# मंत्री ने सिग्रामपुर चौकी का शुभारंभ

नवभारत,न्यूज

**जबेरा/दमोह. शनिवार को राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने जबेरा थाना क्षेत्र की सिंग्रामपुर में नवनिर्मित पुलिस चौकी का लोकार्पण कर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े के स्थानांतरण होने पर आयोजित विदाई समारोह में सम्मिलित हुए.**

मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा आने वाले समय इस चौकी को थाने के रुप विकसित किया, जिसके लिए में निरंतर प्रयासरत हू. चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े ने निरंतर ही इस चौकी के माध्यम से क्षेत्र में अपराधियों पर शिकंजा कशा रखा, जिससे अपराधों में कमी हुई है. आपके द्वारा किए गए समाज के हितों में कार्यों की मैं प्रशंसा करता हूं और आपको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं. इस अवसर पर दमोह एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, तेंदूखेड़ा एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर, जबेरा थाना प्रभारी विकास चौहान, नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, सिंग्रामपुर मंडल अध्यक्ष मंदीप यादव, जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, नोहटा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, बनवार मंडल अध्यक्ष रिंकू जैन सहित पुलिस-प्रशासन व जनप्रतिनिधि जनों की उपस्थिति रही.



# जबलपुर, डिंडौरी में मूसलाधार बारिश

**40 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा**

**09 जुलाई तक प्रदेश में बारिश के आसार**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 5 जुलाई. मप्र के डिंडौरी, जबलपुर, सिवनी, मंडला, दमोह सहित जिलों में रविवार को मूसलाधार बारिश हो सकती है.**



मौसम विभाग ने यहां भारी बारिश की संभावना को देखते हुए आरेंज अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही ग्वालियर, दतिया, श्योर पुरकलां, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, विदिशा, राजगढ़, कटनी, छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में भी अति बारिश हो सकती है. इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. रायसेन, सिहोर, नर्मदापुरम, सीधी, रीवा, सिंगरौली सहित जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. प्रदेशभर के जिलों में अति बारिश को लेकर मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान लगाया है.

> मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी भाग तथा उससे संलग्न पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटों पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है. संबंधित चक्रवाती परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है. अगले 2 दिनों के दौरान इसके उत्तर ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड में धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है.

**गौरव दिवस** — 2 से 4 अगस्त तक मनाया जाएगा "खंडवा का गौरव दिवस"

# तीन दिवसीय आयोजन के दौरान होंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रसिद्ध पार्श्वगायक स्वर्गीय किशोर कुमार के जन्मदिन के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय जागरूक नागरिकों और समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से खंडवा का गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर 2 से 4 अगस्त तक तीन दिन तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस तीन दिवसीय आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों से कहा कि खंडवा का गौरव दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर शहर के सभी नागरिकों व व्यापारियों से अपील की कि वे अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर आकर्षक लाइटिंग करें, ताकि शहर में उत्सव का माहौल नजर आए।

बैठक में सर्वसम्मति से इस तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में तय किया गया कि 25 से 30 जुलाई के बीच स्कूली विद्यार्थियों के बीच पेंटिंग, रंगोली, वाद विवाद और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इस तीन दिवसीय आयोजन में पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।

इस तीन दिवसीय गौरव दिवस कार्यक्रम के पहले दिन 2 अगस्त को किशोर कुमार सांस्कृतिक प्रेरणा मंच द्वारा स्थानीय गौरी कुंज सभागृह में वॉइस आफ खंडवा प्रतियोगिता का फाइनल राउंड होगा। इसके अगले दिन 3 अगस्त को सुबह घंटाघर चौराहे पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा नगर निगम कार्यालय के पास बने मंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान रंग बिरंगे आकर्षक परिधान पहनकर आयेंगे और कार्यक्रम में रंग-बिरंगी आतिशबाजी भी होगी। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी और नगर निगम के सहयोग से आयोजित होगा।

### 4 अगस्त को किशोर कुमार म्यूजिकल नाइट

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सांस्कृतिक कार्यक्रम गरिमामय हों यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में तय किया गया कि 4 अगस्त को स्व. किशोर कुमार के जन्मदिन के अवसर पर उनकी समाधि पर किशोर कुमार सांस्कृतिक प्रेरणा मंच और नगर निगम के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में गीतद्वसंगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी। आगामी 4 अगस्त को दोपहर में 12 बजे से कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा।

# प्रमुख सचिव पर भारी कार्यपालन यंत्री

## निविदाओं के आड़ में लाखों-करोड़ों रूपये का खेला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जुलाई. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सिंगरौली में दर्जन भर से ज्यादा आमंत्रित निविदाओं में व्यापक पैमाने पर हेरफेर का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है.**

प्रमुख सचिव द्वारा करीब एक दर्जन स्मरण पत्र भेजकर जानकारी मांगी गई, लेकिन प्रमुख सचिव एवं मुख्य अभियंता के पत्रों का जवाब नहीं दिया गया. मामला जल जीवन मिशन से जुड़ा है. दरअसल जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सिंगरौली भ्रष्टाचार का केन्द्र बना हुआ है. वर्ष 2020 से लेकर अब तक करीब-करीब जितनी भी निविदाएं आमंत्रित की गई है, उनमें अनियमितता की गई है. इस तरह के आरोप लग रहे हैं. 16 मई को मुख्य अभियंता पीएचई जबलपुर परिक्षेत्र के द्वारा एसएल धुर्वे अधीक्षण यंत्री एवं त्रिलोक सिंह बरकड़े कार्यपालन यंत्री को पत्र जारी हुआ. जिसमें निर्देश जारी किया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीएचई खण्ड सिंगरौली में नल जल प्रदाय योजनाओं के रेट्रोफिटिंग कार्यो के लिए आमंत्रित निविदाओं में भारी अनियमितता की गई है.

### प्रमुख सचिव भी नहीं कर पा रहे कार्रवाई

पीएचई कार्यपालन यंत्री सिंगरौली पर कौन इतना मेहरवान है और निविदाओं में गड़बड़ी होने के बावजूद अब तक कार्रवाई न होना कहीं न कहीं प्रदेश सरकार की किरकिरी हो रही है. सूत्र बता रहे हैं कि प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी भोपाल भी मजबूर है. उनके कार्यालय से जारी कई पत्र इस बात का प्रमाण है कि प्रमुख सचिव कार्यपालन यंत्री पर कार्रवाई करना चाहते हैं, लेकिन कहीं न कहीं सफेद पोशधारियों का कृपा बरस जा रही है.